काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

BANARAS HINDU UNIVERSITY

# Lecture on

# Payment System: Evolution in India – Is it a Revolution?

*by*

## Shri R. GANDHI

**Hon'ble Dy. Governor, Reserve Bank of India**

*Organized by*

**Institute of Management Studies** | **Faculty of Commerce** | **Department of Economics**

## Reserve Bank of India, Lucknow

*on* Saturday, *the* **22nd October 2016** *at* **11.00 A.M.**

*Venue:* **Law Faculty Auditorium.**


**Prof. Raj Kumar**
Director, Dean & Head
Institute of Mgmt. Studies

**Prof. C. P. Mall**
Dean,
Faculty of Commerce

**Prof. A.P. Pandey**
Head,
Department of Economics

## BANARAS HINDU UNIVERSITY
## INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES

---

### Visit & Lecture delivered by Shri R. Gandhi,
### Hon’ble Dy. Governor, Reserve Bank of India on 22 October 2016

---




काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रबंध शास्त्र संस्थान द्वारा विधि संकाय में वाणिज्य संकाय तथा अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्वाधान में ‘भारत में भुगतान प्रणाली के उद्भव’ पर एक सत्र का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर श्री आर गांधी एवं क्षेत्रीय निदेशक श्री अजय कुमार थे। कार्यक्रम की शुरुआत माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन एंव कुलगीत के बाद प्रबंध शास्त्र संस्थान के निदेशक प्रो राजकुमार के स्वागत भाषण से हुई जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को इस मौके का भरपूर फायदा उठाने की सलाह दी। अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रो ए पी पाण्डेय ने भारत की समृद्धि तथा विभिन्न भुगतान प्रणालियों के बारे में छात्रों को बताया। भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक श्री अजय कुमार ने कुलपति प्रो. जी सी त्रिपाठी का धन्यवाद् किया तथा ई-पॉकेट, ई-पेमेंट आदि से छात्र छात्राओं को अवगत कराया।

भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर श्री आर गांधी ने विश्वविद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति की सराहना करते हुए सभी उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। श्री गांधी ने कहा की भुगतान प्रणाली का विकास एक क्रांति है और इसकी शुरुआत वस्तु विनिमय से हुई जिसके बाद उद्‌भव होते हुए कैशलेस प्रणाली तक आ पंहुचा है और भारतीय भुगतान प्रणाली दुनिया के सर्वश्रेष्ठ भुगतान प्रणालियों में से एक है।








वाणिज्य संकाय के डीन प्रो सी पी मल्ल ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम का सञ्चालन प्रो. शशि श्रीवास्तव ने किया। प्रबंध शास्त्र संस्थान के निदेशक प्रो राजकुमार ने श्री आर गांधी एवं श्री अजय कुमार को अंगवस्त्र एंव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



Lecture & Interaction Session with Shri R. Gandhi, Hon'ble Dy. Governor, RBI (22 October 2016)

A lecture on the topic "**Payment system: Evolution in India- Is it a Revolution**?" was jointly organized by Institute of Management Studies, Faculty of Commerce and Department of Economics, at the Law Faculty Auditorium, Banaras Hindu University. **Shri. R. Gandhi,** Hon'ble Dy. Governor, Reserve Bank of India, was the Chief Guest for the event. The event was started with floral tribute to Malviya Ji and lighting of lamp, followed by Kulgeet recited by students of Faculty of Performing Arts.




**Prof. Raj Kumar,** Director, Dean and Head, Institute of Management Studies welcomed the distinguished guests and gathering. Prof. Raj Kumar also presented memento and Angavastra to the Hon'ble Dy. Governor and Shri Ajay Kumar, Regional Manager, RBI.

**Prof. A.P.Pandey,** Head, Department of Economics gave a brief introduction to the students about the topic of the Lecture.



**Shri. Ajay Kumar,** Regional Manager, RBI Lucknow also addressed the gathering and thanked Prof. G.C.Tripathi, Vice Chancellor, BHU for inviting them to the university. He explained how RTGS is the backbone of Payment system which has come a long way now.



**Shri R.Gandhi,** Deputy Governor, RBI addressed the gathering and expressed his delight to be present in such a historic place. He said that he selected the topic because of the continuous evolution in payment system which has set a standard for the world. He described the journey of payments system in India in great detail which started off from precious metals and has come up to Unified Payments System. He also threw light on the huge use of Aadhar based payment and authentication system and the CTS (Cheque Truncation System) which is considered one of the most efficient systems in the world.



He further elaborated on the concerns of RBI that include the recent cyber security attacks which needs strengthening and to continue the progress and not to become passive. He added that customer protection and customer awareness are the two most important segments on which RBI is continuously working.

Financial inclusion and handling of customer complaints and grievances are being effectively monitored by RBI. He concluded by explaining RBI's role in setting standards for Banks and NBFC's. He also interacted with the students.




Vote of thanks was proposed by **Prof. C.P.Mall**, Dean, Faculty of Commerce to the distinguished guests and gathering on the occasion.





The Hon'ble Dy. Governor Shri R. Gandhi also visited the Institute of Management Studies, and had a brief interaction with the faculty members prior to the event.

OFFICE OF THE DIRECTOR

BANARAS HINDU UNIVERSITY
INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES

# Lecture / Interaction Session on
# Payment System: Evolution in India – Is it a Revolution?

**by**

**Shri R. GANDHI,**
**Hon'ble Dy. Governor, Reserve Bank of India**

**(22 October 2016 at 11:00 AM)**
**Law Faculty Auditorium**

**PROGRAM**

| | | |
|---|---|---|
| ➢ Inviting Guests to the Dias | | **11:00 AM** |
| ➢ Floral Tribute (Garlanding) to Malaviyaji & Lighting of Lamp | **Shri R. Gandhi**<br>Hon'ble Dy. Governor, RBI<br>**Shri Ajay Kumar**<br>Regional Director, RBI, Lucknow<br>**Prof. Raj Kumar,**<br>Director, Inst. of Mgmt. Studies, BHU<br>**Prof. C.P. Mall**<br>Dean, Faculty of Commerce, BHU<br>**Prof. A.P. Pandey,**<br>Head, Department of Economics, BHU | **11:02 AM** |
| ➢ Presentation of Bouquet to the Guest | | **11:07 AM** |
| ➢ Kulgeet | **Students, Faculty of Performing Arts** | **11:15 AM** |
| ➢ Welcome of the Guests | **Prof. Raj Kumar** | **11:20 AM** |
| ➢ About the Program | **Prof. A.P. Pandey** | **11:30 AM** |
| ➢ Address by the Regional Director, RBI | **Shri Ajay Kumar** | **11:40 PM** |
| ➢ Address & Interaction by Hon'ble Dy. Governor, RBI | **Shri R. Gandhi** | **11:45 AM** |
| ➢ Presentation of Memento to the Guests | **Prof. Raj Kumar** | **12:50 AM** |
| ➢ Vote of thanks | **Prof. C.P. Mall** | **12;55 PM** |

**Compered by : Dr. Shashi Srivastava, Institute of Mgmt. Studies, BHU**

## Media coverage of the Visit & Lecture


# हिन्दुस्तान

दिनांक: 22/10/16

तरक्की को चाहिए नया नजरिया


# रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर पहुंचे बीएचयू

**वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी गवर्नर आर गांधी शुक्रवार शाम बीएचयू स्थित लक्ष्मण दास अतिथि गृह पहुंचे। कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों के बारे में आर गांधी को जानकारी दी।



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी गवर्नर आर गांधी ने शुक्रवार को बीएचयू स्थित लक्ष्मण दास अत्तिथि गृह में कुलपति प्रो . गिरीश चंद्र त्रिपाठी से मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि आर गांधी विधि संकाय में 22 अक्तूबर को सुबह 11 बजे ह्यपेमेंट सिस्टमः इवोल्यूशन इन इंडिया-इज इट ए रिवोल्यूशनह्ल विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंध शास्त्र संस्थान, वाणिज्य संकाय और अर्थशास्त्र विभाग ने साझा रूप से किया है।

आर गांधी के साथ श्रीमती एस गांधी भी थीं। कुलपति के साथ कुलसचिव डॉ. केपी उपाध्याय, प्रबंध अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय, वाणिज्य संकाय प्रमुख प्रो. सीपी मल्ल, प्रो. सत्येंद्र सिंह, प्रो. जेपी राय, आरबीआई के अधिकारी उपस्थित थे।


7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर । दिल्ली । हरियाणा । पंजाब । चंडीगढ़

महानगर

वर्ष 14 । अंक 276 । पृष्ठ : 26

मूल्य : तीन रुपये

# अमर उजाला

दिनांक - 22/10/16


# बीएचयू पहुंचे आरबीआई के डिप्टी गवर्नर



वाराणसी। बीएचयू के कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी ने शुक्रवार को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर आर गांधी से विश्वविद्यालय के एलडी गेस्ट हाउस में मुलाकात की। विश्वविद्यालय के विकास से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। शनिवार को वह प्रबंध अध्ययन संस्थान में आयोजित व्याख्यान में हिस्सा लेंगे।

वर्ष 45 अंक 340
पृष्ठ 28+4=32
वाराणसी, शनिवार
22 अक्टूबर 2016
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.50

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

# बीएचयू आए आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर



आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर आर गांधी के साथ बीएचयू कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी।

**वाराणसी :** रिजर्व बैंक आफ इंडिया के डिप्टी गवर्नर आर गांधी शुक्रवार की रात काशी हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां पर कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने गांधी का स्वागत किया। उन्होंने एलडी गेस्ट हाउस में बीएचयू के अधिकारियों से अनौपचारिक बैठक की।

कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने डिप्टी गवर्नर को विश्वविद्यालय के विकासात्मक गतिविधियों के बारे में बताया। उनकी पत्नी एस गांधी भी आई हुई हैं। इस मौके पर रजिस्ट्रार डा. केपी उपाध्याय, डा. एमआर पाठक, प्रो. राजकुमार, प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय, प्रो. सीपी मल्ल भी मौजूद थे। डिप्टी गवर्नर 22 अक्टूबर को प्रबंधन अध्ययन संस्थान का भ्रमण करने के साथ ही विधि संकाय में आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान देंगे।

वर्ष 45 अंक 341
पृष्ठ 24+4+4=32
वाराणसी, रविवार
23 अक्टूबर 2016
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण



# वित्तीय समावेशन की दिशा में आरबीआइ

**बीएचयू में बोले डिप्टी गवर्नर**

- केंद्र सरकार की जनधन योजना को बताया भगीरथ प्रयास

**वाराणसी :** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर आर. गांधी ने कहा कि बैंकिंग व्यवस्था धातु एवं स्वर्ण मुद्राओं के रूप में प्रत्यापित होती हुई आज कागज-रहित हस्तानांतरण के आधुनिक स्वरूप को प्राप्त हुई है। कल का बंध-पत्र आज चेक-प्रपत्र के स्वरूप से होता हुआ इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट ट्रांसफर का रूप ले चुका है। आरबीआइ वित्तीय समावेशन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जनधन योजना का संचालन इस दिशा में भगीरथ प्रयास है।
वह शनिवार को बीएचयू के लॉ कॉलेज स्थित सभागार में आयोजित 'भारत में भुगतान प्रणाली का विकास एवं क्रांति' विषय पर आयोजित गोष्ठी मे बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन अर्थशास्त्र विभाग, वाणिज्य संकाय एवं प्रबंध शास्त्र संस्थान, बीएचयू के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रो. राजकुमार, प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय, प्रो. सीपी मल्ल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डिप्टी गवर्नर ने बताया कि आरबीआइ बैंक खाताधारकों की समुचित सुरक्षा के लिए समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश देता रहता है।



आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर आर गांधी।

फाइनेंशियल- लिटरेसी से इन समस्याओं को बहुत हद तक ठीक किया जा सकता है। श्री गांधी ने संवाद कार्यक्रम के तहत अखिलेश सिंह, कृष्ण कुमार, देवानंद, अनूप यादव, पवन कुमार, गणेश यादव, सिद्धार्थ सिंह, अमृतलाल, सुशील सिंह, निलेश कुमार, ईशा बरनवाल आदि छात्र-छात्राओं से सवाल पूछे और उनका शंका समाधान किया। प्रबंध विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। सामाजिक विज्ञान संकाय के कार्यकारी प्रमुख एवं अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय ने कहा कि भुगतान प्रणाली आज मोबाइल बैंकिंग एवं एटीएम के माध्यम से जन-जन तक पहुंच चुकी है। प्रो. पांडेय ने श्री गांधी की पत्नी एवं संकाय की पूर्व छात्रा का भी स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि, आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक अजय कुमार थे। संचालन डा. साक्षी श्रीवास्तव एवं धन्यवाद वाणिज्य संकाय प्रमुख प्रो. सीपी मल्ल ने किया।

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरि

रविवार, 23 अक्तूबर 2016, वाराणसी, [illegible] 20 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com


### बोले रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर- प्रणाली को सुरक्षित रखने में हम पूर्ण सक्षम

# बैंकों पर साइबर हमला चिंतनीय


वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता


भारत के सरकारी और निजी बैंकों पर हो रहा साइबर हमला चिंता की बात है। हालांकि देश की बैंकिंग प्रणाली के पास इससे निपटने की पूरी क्षमता है। ऑनलाइन व मोबाइल बैंकिंग प्रणाली के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

यह भरोसा ऑनलाइन बैंकिंग के विशेषज्ञ एवं रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर आर. गांधी ने बीएचयू के विधि संकाय में शनिवार को आयोजित व्याख्यान में दिलाया।

भारत में भुगतान प्रणाली के विकास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इसका एक लंबा इतिहास है। वस्तु विनिमय होता था।फिर मुद्राओं का चलन हुआ। कागज के नोट और चेक से होते हुए यह प्रणाली अपने आधुनिकतम स्वरूप को हासिल कर चुकी है।

**हर लेनदेन की सूचना :** गांधी ने कहा कि ग्राहकों के खातों की सुरक्षा के लिए प्रणाली को काफी मजबूत बनाया गया है। बैंकों को स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी ऑनलाइन लेनदेन या भुगतान के बारे में ग्राहकों को एसएमएस के जरिये जरूर सूचना दी जाय। रिजर्व बैंक शिक्षण संस्थाओं के जरिये वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की भी योजना बना रहा है। कार्यक्रम में बैंक के रीजनल हेड अजय कुमार, सामाजिक विज्ञान संकाय के कार्यकारी डीन प्रो. आद्याप्रसाद पांडेय ने भी विचार रखे। प्रबंध शास्त्र संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने स्वागत, आभार ज्ञापन वाणिज्य संकाय प्रमुख प्रो. सीपी मल्ल व संचालन डॉ. साक्षी श्रीवास्तव ने किया।

### गंभीर मुद्दा

- ऑनलाइन फंड ट्रांसफर की सूचना ग्राहकों को देने का निर्देश
- बीएचयू के विधि संकाय में भारत में भुगतान प्रणाली पर व्याख्यान



बीएचयू के विधि संकाय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर आर. गांधी। • हिन्दुस्तान